**दिनांक: 22.02.2025** **समय:07.10PM**

मुख्य समाचार:-

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बागेश्वरधाम में कैंसर अस्पताल का करेंगे भूमिपूजन, 218 करोड़ रूपये की लागत से 36 महीने में होगा तैयार।
2- प्रधानममंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त कल होगी जारी।
3- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- लोक अभियोजन अधिकारी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पूरी क्षमता से करें कार्य
4- भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित कई जिलों के मौसम में बदलाव, गिरा पारा, बढ़ा सर्दी का अहसास।

समाचार विस्तार से...

**प्रधानमंत्री दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर रहेगें। श्री मोदी छतरपुर के ग्राम गढ़ा में बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्‌वारा 218 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले मेडिकल साईंस एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट का भूमि-पूजन करेंगे। कैंसर अस्पताल 36 माह में बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके पहले चरण में 100 बिस्तरों की सुविधा होगी, जिसमें अत्याधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से गरीब कैंसर रोगियों को नि:शुल्क उपचार किया जायेगा। बागेश्वर धाम में शुरू होने वाली यह पहल न केवल कैंसर के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ा कदम होगा, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के लिये बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को भी सुनिश्चित करेगा। अस्पताल के निर्माण से स्थानीय रोजगार और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। चिकित्सा क्षेत्र में विशेषज्ञों को नए अवसर प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री दोपहर बाद भोपाल आएंगे, जहां वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। श्री मोदी सोमवार सुबह भोपाल में आयोजित ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंग करेंगे। वे यहां मध्यप्रदेश की नई औद्‌योगिक नीति भी लॉन्च करेंगे।

**मोदी-पीएम किसान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बिहार के भागलपुर में **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के अंतर्गत किसानों को तीन समान किस्तों में वार्षिक छह हजार रुपये दिये जाते हैं।

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि देशभर के 9 करोड़ 80 लाख से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि किसान कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि **पीएम-किसान योजना** के तहत देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को अब तक 3.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। श्री चौहान ने कहा कि देशभर के 731 कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

**कृषि विज्ञान मेला**

पूसा कृषि विज्ञान मेला आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। तीन दिवसीय मेले का विषय **उन्नत कृषि-विकसित भारत** है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि खेती भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि किसानों और कृषि के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। इस वर्ष कृषि विज्ञान मेले का मुख्य आकर्षण भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित अत्याधुनिक किस्मों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री - मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के

समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**लोक अभियोजन अधिकारी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अभियोजन अधिकारियों की न्याय प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। न्यायालय, पुलिस और अभियोजन मिलकर पीड़ित को न्याय दिलाते हैं। डॉ. यादव आज भोपाल स्थित केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में 210 से अधिक नवनियुक्त सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा न्यायालय, शासन, प्रशासन और अभियोजन के आपसी समन्वय से ही पीड़ितों को न्याय मिलेगा और प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभियोजन अधिकारी विधिक प्रक्रियाओं, अभियोजन कार्यों और न्यायिक प्रणाली की बारीकियों से अवगत हों, जिससे वे अपने दायित्वों को कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकेंगे।

इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जे.के. माहेश्वरी, जबलपुर उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत एवं न्यायाधीश जस्टिस विवेक अग्रवाल मौजूद रहे।

**ट्रेलर मेकिंग**

मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग के लिये 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन-वेव्स- आयोजित किया जाएगा। यह उद्योग के दिग्गजों, रचनाधर्मियों और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाकर उभरते रुझानों, अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा। साथ ही यह वैश्विक स्तर पर भारत की रचनात्मक क्षमता प्रदर्शित करेगा। इसी के अंतर्गत वेव्स ट्रेलर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। ट्रेलर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च

है। यह प्रतियोगिता उन विद्यार्थियों और नवोदित फिल्मकारों के लिए है, जिन्हें वीडियो संपादन, फिल्म निर्माण या दृश्य-श्रव्य सामग्री निर्माण में रुचि है। इसमें भाग लेने के लिए आवेदकों की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में दिन का तापमान फिर से थोड़ा कम होने लगा है। कई शहरों में पारे में 2 डिग्री तक की गिरावट हुई है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, धार, गुना, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रायसेन, रतलाम, खजुराहो, नरसिंहपुर, उमरिया में पारे में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने रात के तापमान में भी 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना जताई है। आज भोपाल-ग्वालियर में बादल छाए रहे, जबकि इंदौर, उज्जैन में आसमान साफ रहा। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में दक्षिण पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। वहीं, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इस वजह से प्रदेश में भी मौसम बदला है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- भोपाल के रेतघाट चौराहे पर देश का पहला ग्रीनरी बस स्टॉप बनकर तैयार हो गया हैं। महापौर मालती राय ने आज इसका उद्घाटन किया।
2- श्योपुर जिले के आदिवासी विकास खण्ड कराहल में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।
3- आगरमालवा के पॉलीटेक्निक कॉलेज में कल बाढ आपदा राहत, खोज एवं बचाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
4- शहडोल जिले में 58 परीक्षा केंद्र पर बोर्ड की परीक्षाएं होंगी। जिसमें से 2 अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र हैं।
5- रतलाम में बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर प्रशासन तेज आवाज में डीजे बजाने पर सख्त हो गया है। रात 10 बजे बाद डीजे बजाने पर ध्वनि विस्तारक यंत्र जप्त किए जाएंगे।
6- सीहोर जिले निरोगी काया विशेष अभियान शुरू हो गया है। ये अभियान 31 मार्च तक चलेगा।

7- छिंदवाड़ा में कांग्रेस ने आज वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भाई के

छायाचित्र पर माल्यार्पण कर आजादी में उनके योगदान को याद किया।

8- गुना जिला पंचायत सीईओ ने 3 विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

9- आगरमालवा के श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर में आज से पाँच दिवसीय महाशिवरात्री महोत्सव की शुरूआत पाँच कुंडीय रामचरित मानस यज्ञ के साथ हुई।

10- शाजापुर में आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विभिन्न विभागो के महिला अधिकारी व कर्मचारियों के बीच टेनिस बॉल क्रिकेट एवं रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य समाचार, एक बार फिर

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बागेश्वरधाम में कैंसर अस्पताल का करेंगे भूमिपूजन, 218 करोड़ रूपये की लागत से 36 महीने में होगा तैयार।
2- प्रधानममंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त कल होगी जारी।
3- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- लोक अभियोजन अधिकारी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पूरी क्षमता से करें कार्य
4- भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित कई जिलों के मौसम में बदलाव, गिरा पारा, बढ़ा सर्दी का अहसास।